### आसमान में बादलों ने डाल रखा है डेरा, बारिश होने के लग रहे आसार, उपज सुरक्षित करने जुटा किसान

# बदले मौसम ने किसानों के माथे पर बढ़ाई चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





बीते तीन चार दिनों से मौसम बार बार करवट ले रहा है। बुधवार के बाद गुरूवार को दिन भर आसमान में बादल छाये रहे और सूर्यदेव भी बादलों की ओट में छिपे रहे। मौसम के अचानक बदलने और बादलों के बीच बारिश की संभावना ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। इन दिनों धान खरीदी का कार्य जिले में चल रहा है। उपार्जन केन्द्रों में अपनी उपज को सुरक्षित करने किसानों ने उपाय करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर रबी सीजन की फसलों की बोवनी का कार्य पूर्ण हो चुका है। यदि संभावित बारिश होती है तो खेतों में बोई गई फसलों को पानी देने की समस्या से किसानों को राहत मिल जाएगी। लेकिन उपज बिक्री को लेकर अब किसान थोड़े चिंतित हो गए है। किसान अपने स्तर पर सुरक्षा के प्रयास कर रहे हैं। हालांकि कलेक्टर ने पूर्व में ही मौसम को देखते हुए धान उपार्जन और संग्रहण केंद्रों में रखे धान की सुरक्षा का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उपार्जन केन्द्रों में बारिश से धान को बचाने के लिए शीघ्र ही परिवहन करने निर्देश भी दिये थे। साथ यह भी हिदायत दी है कि यदि बारिश की वजह से धान भीगी तो संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिले में धान खरीदी 1 दिसंबर से शुरू हो गई है इसके पहले ही कलेक्टर ने उपार्जन कार्य से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों, खरीदी प्रभारियों को उपार्जन केन्द्रों में बारिश से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गए थे।

#### पुख्ता सुरक्षा के दिये हैं निर्देश

पूर्व में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए खरीदी केंद्रों में पर्याप्त और पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। थी। उन्होंने कहा किसी भी स्थिति में खरीदी केंद्र पहुंचने वाले किसान को असुविधा नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में कहा था केंद्रों में छन्ना, पंखा, ग्रेडर आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित हो। साथ ही किसानों से क्रय की गई धान को बारिश होने की स्थिति मे खराब होने से बचाने के लिए अभी से तिरपाल व कवर का इंतजाम किया जाए। ताकि धान को बर्बाद होने से बचाया जा सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि सभी को यह पता होना चाहिए कि धान उपार्जन का कार्य किसानों के लिए किया जा रहा है। इस कार्य से महिला स्व-सहायता समूहों की भी भागीदारी है, इसलिए उनकी व्यवस्था व सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा था कि खरीदी शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद को बंद सुनिश्चित कर लें।

#### व्यवस्था में लगे किसान

अचानक मौसम के बदल जाने से मौसम में बदलाव आ गया है जिसके कारण धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की पड़ी हुई धान को लेकर चिंता सताने लगी है। अगर बारिश होती है तो और समय रहते व्यवस्थाएं नहीं की गई तो किसानों की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। इसी बात को लेकर किसान बहुत ज्यादा चिंतित दिख रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में किसान अपनी ध्यान को बचाने के लिए पंडालों की व्यवस्था मैं लगे हुए हैं

#### परिवहन में हो रही देरी

उपार्जन केंद्रों में किसानों से क्रय की गई धान का समय पर परिवहन नहीं होने से अंबार लगा हुआ है परिवहन की सुस्त चाल को लेकर कलेक्टर भी नाराजगी जता चुके हैं। दूसरी ओर परिवहन नहीं होने से धान विक्रय करने पहुंचने वाले किसानों को अपनी उपज रखने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा खरीदी कार्य भी प्रभावित हो रहा है। अब बादलों के डेरो ने न सिर्फ किसानों बल्कि केंद्र प्रभारियों को परेशानी भी बढ़ा दी है। खरीदी केन्द्रों में धान को सुरक्षित करने के लिए तिरपालों एवं पन्नी की व्यवस्था कर सुरक्षित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंजीयक अधिकारी को जारी किया नोटिस

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रकरणों पर कार्यवाही न करने तथा न्यायालयीन प्रकरण लंबित होने एवं शासकीय कार्य संपादन में कोई रूचि नहीं लिये जाने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन के में लापरवाही करने पर जिला पंजीयक अधिकारी पंकज कोरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर प्रकरणों में किये गये विलंब के संबंध में सकारण जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा विगत 20 दिसंबर को जिला पंजीयक कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान न्यायालय में लंबित 509 प्रकरणों में से मुद्रांक एवं आर.आर.सी के 27 प्रकरणों का रेण्डमली निरीक्षण के दौरान कोई कार्यवाही नहीं किये जाने सहित 482 न्यायालयीन प्रकरणों में कार्यवाही लंबित पाये जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त की गई थी।

### निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल नहीं करने पर की कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 94 बहोरीबंद के अभ्यर्थी राकेश कुमार सोनकर द्वारा नियत अवधि में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष लेखा दाखिल नही करने पर स्पष्टीकरण तत्काल समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा विधिमान्य नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित करने का लेख किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश में भारत निर्वाचन आयोग के आदेश की कंडिका में दिए गए निर्देशानुसार अभ्यर्थी राकेश सोनकार द्वारा निर्धारित समयावधि में लेखा दाखिल करने की विफलता के कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के अनुसार निरर्हित घोषित किये जाने संबंधी प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग की ओर प्रेषित किये जाने की कार्यवाही का लेख करते हुए उक्त संबध में अपना स्पष्टीकरण तत्काल समक्ष में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 151 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा तिथि से 30 दिवस की अवधि में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष लेखा दाखिल किया जाना अनिवार्य है।

### निकाय एवं पंचायत उप-निर्वाचन के लिए मतदान आज

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2023 के निर्वाचन की जारी अधिसूचना अनुसार शुक्रवार 5 जनवरी को मतदान किया जायेगा। नगरीय निकाय अंतर्गत मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक तथा पंचायत अंतर्गत प्रातः 7 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उपनिर्वाचन 2023 उत्तरार्ध हेतु नगर पालिक निगम कटनी के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 9 एवं राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 36 तथा पंचायत निर्वाचन के रिक्त पद जनपद जनपद सदस्य के लिये ग्राम पंचायत झिन्ना, पिपरिया, भमका, झिर्री संपूर्ण पंचायत तथा पंच पद के लिए जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत टिकरिया के वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत रजरवारा नंबर 2 के वार्ड क्रमांक 7, ग्राम पंचायत देवरी मझगवां के वार्ड क्रमांक 8, ग्राम पंचायत देवरा खुर्द के वार्ड क्रमांक 5 तथा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लखापतेरी वार्ड क्रमांक 6, ग्राम पंचायत भनपुरा नंबर 1 के वार्ड क्रमांक 11 एवं जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत विलायतकला के वार्ड 9, ग्राम पंचायत सुड्डी के वार्ड क्रमांक 7, जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बिरूहली के वार्ड क्रमांक 12 में 5 जनवरी को मतदान संपन्न होना है।

### देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सेवकों ने की सहभागिता

# राष्ट्रीय एकता शिविर छग में कटनी की अंजलि बर्मन ने किया मप्र का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमानी जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संपोषित एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 02 जनवरी 2024 से लेकर 8 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया गया।

शिविर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से 5 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है जिनमें से शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी जिला कटनी से कुमारी अंजलि बर्मन का नाम भी शामिल है। अंजली द्वारा इस शिविर में पूरे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, अध्यक्षता डॉक्टर अरुणा पल्टा कुलपति, विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार श्रोती क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल की उपस्थिति में युवा भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ किया गया।

विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार श्रोती क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि इस राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों को एक प्लेटफार्म पर भारतीय संस्कृति को समझने का पूरा मौका मिला। इस शिविर में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों जैसे की शैक्षणिक कार्यक्रम, योगा सत्र और बौद्धिक सत्र,एक भारत श्रेष्ठ भारत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत आदि का आयोजन किया जाएगा।

इस राष्ट्रीय एकता शिविर में चयनित होने पर कुमारी अंजलि बर्मन ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डॉ आर गुप्ता, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अशोक कुमार मराठे एवं रा.से.यो. जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह एवं अपने महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना मिश्रा, डॉ प्रतिमा सिंह, रिचा दुबे, का आभार व्यक्त किया।

## निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश



नगर पालिक निगम में गुरूवार को आयुक्त कक्ष में बिल्डिंग परमीशन एवं फायर एनओसी जारी करने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा फायर एनओसी प्राप्त करने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों व नियमों के संबंध में आवेदकों को अवगत कराने विशेष रूप से फैक्ट्री कपड़ा दुकानों एवं प्लास्टिक की दुकानों के संचालकों को फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए समझाइश देने के साथ ही अवैध निर्माण को रोकने एवं अवैध निर्माणकर्ता को विल्डिंग परमीशन कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, एवं लिपिक अंबकेश तिवारी उपस्थित रहे।

# धान के अवैध परिवहन पर वसूला गया 34 हजार 591 रूपये का दांण्डिक शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध कृषि उपज पर सख्ती से रोकथाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच नाकों मे कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल तैनात कर वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल को बैठाकर वाहनों को रोकने और अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखा जा सके।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी प्रदीप मिश्रा द्वारा जांच की कार्यवाही के दौरान ट्रक वाहन द्वारा ग्राम हरदुआ, तहसील मझौली, जिला जबलपुर से कटनी के ग्राम बाकल के लिए कृषि उपज धान 245 क्विंटल अवैध धान पाये जाने पर ट्रक को धान सहित जब्ती की कार्यवाही करते हुए कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका को प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव श्री पनिका के निर्देशन में वाहन क्रमांक एम.पी. 20 एच.बी. 3799 द्वारा कृषि उपज धान का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप कुल 34 हजार 591 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।

जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार मांझी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, सुधीर कुमार त्रिपाठी की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्यवाही

# रेत के अवैध परिवहन पर वसूले 62250 रूपये, वाहन किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद नें खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश खनिज विभाग को दे रखें है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर खनिज प्रभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर कार्यवाही की जाकर निर्धारित प्रशमन शुल्क जमा कराया जा रहा है।

खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पुरैनी दुर्गा मंदिर व कटनी में खनिज रेत के अवैध परिवहन की जांच के दौरान 6 चक्का डग्गी वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 1565 से वाहन चालक एवं मालिक राहुल कोल द्वारा 6 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर प्रकरणों में अभिवहन परिपत्र की मांग ट्रेक्टर-ट्राली चालक से की गयी। ट्रेक्टर-ट्राली के चालक द्वारा अभिवहन पारपत्र प्रस्तुत नही किया गया। जिस पर खनिज प्रावधान अनुसार ट्रेक्टर-ट्राली मय खनिज जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण में 62 हजार 250 रूपये एवं प्रशमन राशि अधिरोपित कर खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त राशि जमा हो जाने के पश्चात जप्तशुदा ट्रेक्टर-ट्राली को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में वाहन की आवश्यकता न होने पर विधिवत मुक्त किये जाने की विधि संगत कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर खनिज अधिकारी द्वारा प्रकरण पर कार्यवाही की जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी किया गया। जिसपर अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क 62 हजार 250 रूपये की राशि जमा कर दिये जाने के पश्चात मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 के अनुसार वाहन मुक्त करनें की कार्यवाही की गई।

### ईएसएमएस संबंधी वर्चुअल प्रशिक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 5 जनवरी को चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली ईएसएमएस के संबंध में वर्चुअल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में होने वाले प्रशिक्षण के साथ ही वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन व्यय निगरानी के नोडल अधिकारी एवं जिले में उपलब्ध एनएलएमटी व एसएलएमटी तथा विभिन्न एन्फोर्समेन्ट एजेन्सियों के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को अनिवार्य रूप से शामिल होने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 5 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे से उक्त प्रशिक्षण वेबलिंक के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। अपर कलेक्टर साधना परस्ते श्रीमती साधना परस्ते नें पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी व्यय, आयकर अधिकारी आयकर विभाग, सहायक आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर एवं सेन्ट्रल एक्साईज विभाग से पहुंचने आग्रह किया है।

### दो वार्डों में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

# आज होगा मतदान, कलेक्टर एवं एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगरीय निकाय उप निर्वाचन वर्ष -2023 हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 5 जनवरी की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक नगर निगम के दो वार्डो में पार्षद के रिक्त पदों के लिए मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने शुक्रवार को महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 8 के कनकने स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 31, 32, 33 एवं 34 तथा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 36 के आयुध निर्माणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान केन्द्र क्रमांक 143, 144, 145 एवं 204 की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री प्रसाद नें निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदान केन्द्रों पर की जाने वाली सुविधाओं सहित मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग, पेयजल, साफ - सफाई सहित अन्य समस्त व्यवस्थांए दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, प्रभारी राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

आज 5 जनवरी को नगर पालिक निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 09 एवं 36 में पार्षद पद हेतु प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक तथा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-15 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होना है।

#### दायित्व निर्वहन के निर्देश

अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु सुव्यवस्थित ढंग से संपादन हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की जाकर मतदान समाप्ति तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

#### इनको किया नियुक्त

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत झिन्ना पिपिरिया के 6 मतदान केन्द्रों हेतु दिनेश असाटी नायब तहसीलदार को कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिलौंडी तथा ग्राम पंचायत जिर्री के 4 मतदान केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत भमका के 3 मतदान केन्द्रों हेतु अजय मिश्रा तहसीलदार को कार्यपालिक दण्डाधिकारी ढीमरखेडा नियुक्त किया गया है।

जबकि नगरीय निकाय सीमान्तर्गत नगर निगम कटनी के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 9 के कुल 4 मतदान केन्द्रों हेतु श्री आशीष अग्रवाल तहसीलदार कटनी को कार्यपालिक दण्डाधिकारी शहर एवं राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नंबर 36 के 4 मतदान केन्द्रों हेतु श्री शिवभूषण सिंह नायब तहसीलदार को कार्यपालिक दण्डाधिकारी मुडवारा -2 नियुक्त किया जाकर अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करनें तथा समय- समय पर भ्रमण कर जानकारी रिटर्निंग आफिसर को देने हेतु निर्देशित किया गया है।

# हादसे में गंभीर रूप से घायल की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल तथा ब्रेन में खून का रिसाव होने के चलते नाजुक स्थिति में पहुंचे एक युवक की एम.जी.एम. हॉस्पिटल व कटनी शहर के एक मात्र मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशांत शिवाजी पाटिल ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। डाक्टर सुशांत पाटिल ने बताया कि मरीज शशि सिंह पिता नागेश्वर सिंह निवासी पोस्ट सनौरा नवादीन औरंगाबाद बिहार रहने वाले का ग्राम विलायत कला थाना बडवारा में गम्भीर एक्सीडेंट होने से सिर में गम्भीर चोट लगी मरीज को जिला अस्पताल कटनी लाया गया मरीज के सिर में गम्भीर चोट होने से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर किया था परन्तु मरीज के परिजन एम.जी.एम. हॉस्पिटल लाये जहा डॉक्टर सुशांत शिवाजी पाटिल ने मरीज के CT-SCAN परीक्षण में पाया की मरीज के ब्रेन में खून का रिसाव हुआ था जिससे मरीज बेहोशी की हालत में चला गया।

मरीज को वैन्टीलेटर में रखा गया व मरीज के सिर का तत्काल ऑपरेशन किया गया एवं मरीज की जान बचाई गयी, अब पूर्णतः स्वस्थ्य है। मरीज का ऑपरेशन तत्काल नही होता तो मरीज की जान भी जा सकती थी।

## खबर संक्षेप



### प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ

**बड़वारा।** केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के प्रयोजन से तथा अंत्योदय को लक्ष्य को लेकर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है उसी परिपेक्ष्य में आज बड़वारा जनपद के ग्राम पंचायत विजौरी में आमसभा का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने अपने वक्तव्य में कहा की शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पंक्ति के व्यक्ति को मिलेगा एवं लापरवाही करने वाले अधिकारिओं को बक्शा नहीं जायेगा।जिसमे बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह,जनपद सदस्य विनय नागवंशी,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सोनू गोस्वामी,सरपंच पारस सिंह,जवाहर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

### संगीतमय हनुमान चालीसा का अनुष्ठान 7 से

**कटनी।** संगीतमय हनुमान चालीसा का द्वितीय विशाल अनुष्ठान रविवार 7 जनवरी को विश्राम बाबा स्थित दिव्यांचल गार्डन में होगा। श्री बजरंग बाल रामायण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नरेंद्र खंताल ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 7 जनवरी को आयोजित होने वाले पांच श्री हनुमान चालीसा अनुष्ठान में कटनी एवं जबलपुर के संत हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री बजरंग बाल रामायण समाज कटनी एवं सत्संग सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा। उक्त आयोजन में पूज्य संत हनुमत कुटी धाम के श्री सुरेंद्र दास जी महाराज एवं गीता धाम जबलपुर के श्री नरसिंह दास जी महाराज, परामम्बा धाम जबलपुर के डॉक्टर बाल गोविंद जी शास्त्री, रैपुरा से पंडित डॉक्टर रजनीश शास्त्री की मौजूदगी रहेगी।

### जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आज

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा संबंधी जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार 5 जनवरी को सायं 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी एवं सदस्य सचिव ने शासन द्वारा गठित समिति में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, कटनी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित समस्त अशासकीय सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### थाना या चौकी क्षेत्र स्थानांतरित कराने दें पत्र

**कटनी।** स्थानीय मांग, स्थानीय आबादी के भौतिक संरचना में परिवर्तन, अपराधों के परिदृश्य में काफी बदलाव आने के कारण ग्रामीण इलाकों की आमजनता को थाने में पहुंचने में कई बार कठिनाईयां उत्पन्न होती हैं, एवं थाने से संबंधित ग्रामों की दूरी अधिक होने से भी कई बार पुलिस का रिस्पांस टाईम में विलम्ब हो जाता है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया ने कहा की इन परिदृश्य में सभी सरपंच, अन्य 'जन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि अगर वे किसी ग्राम क्षेत्र को दूरी या अन्य आधार पर आमजनता की सुविधा हेतु वर्तमान जिस थाना या चौकी क्षेत्र में वहां से उसे स्थानान्तरित कराकर दूसरे थाना या पुलिस चौकी क्षेत्र में कराना चाहते हैं तो कृपया 03 दिवस में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में लिखित में पत्र दे सकते हैं।

## भर्ती मरीजों को नहीं मिल रहा मेन्यु अनुसार भोजन, आश्वासन तक सिमटी प्रबंधन की कार्यवाही

# अस्पताल में मरीजों के निवाले में भी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिलने वाले नाश्ते व भोजन में गुणवत्ता व मात्रा कम कर निवाले पर भी सेंधमारी की जा रही है। सरकार भर्ती रोगियों को नाश्ते व भोजन की व्यवस्था के लिए हर महीने लाखों रूपए का बजट देती है। मरीजों को भोजन देने का जिम्मा अस्पताल प्रशासन के कंधों पर है। 300 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल में मरीजों को मानकों के अनुरूप खाना नहीं परोसा जा रहा है। कई बार मरीजों को भोजन प्राप्त करने के लिए स्वयं ही बर्तनों का इंतजाम करना पड़ता है। बर्तनों की कमी होने पर एक थाली में दलिया, सब्जी दाल वगैरह परोस दी जाती है। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में मिलने वाले भोजन में स्वाद भी अच्छा नहीं रहता, सलाद वगैरह कभी कभार ही नसीब होता है। खाना भी कम मिलता है लेकिन भूख मिटाने के लिए जैसा मिल रहा है वैसा ही खा रहे हैं।

बताया जाता है कि पूर्व में भोजन के लिए मरीजों को बकायदे खंडवाली थाली मिलती थी जिसमें दाल, सब्जी, चावल, रोटी व अन्य सामग्री को अलग-अलग रखने की सुविधा होती थी लेकिन अब यह सुविधा भी सिमटती सी नजर आ रही है। दूर-दराज से यहां उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भोजन व नाश्ते के लिए या तो उन्हें तत्काल बर्तन क्रय करने पड़ते या फिर आर्थिक समस्या के कारण डिस्पोजल का सहारा लेना पड़ता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों ने बताया कि यहां भोजन वितरण में भी विसंगतियां है, किसी मरीज को दो तो किसी तो तीन रोटी दी जाती है, दलिया-सब्जी सब एक में ही मिक्स कर दिया जाता है। खाना मिलने के संबंध में कोई जानकारी न होने के कारण हम कुछ बोल भी नहीं पाते।

### प्रबंधन भी नहीं दे रहा ध्यान

जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को नाश्ता एवं भोजन के लिए बकायदा प्रावधान बनाये गए है लेकिन इन प्रावधानो का न तो भोजन बनाने वाले पालन करते न ही अस्पताल प्रबंधन इनका पालन कराने में दिलचस्पी दिखाता है। अधिकांश मामलो में प्रबंधन सिर्फ यही कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि दोनो समय के नाश्ता व भोजन के प्रावधानों की मानीटरिंग कराई जाएगी, निर्धारित मात्रा व गुणवत्ता में किसी तरह की कमी न हो इसका ध्यान रखने निर्देश दिये जाएंगे। इस ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जाता कि मरीजों को किस तरह का नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मिलने वाली चाय व दूध की गुणवत्ता तो भगवान भरोसे ही चल रही है। अस्पताल में अधिकतर एक ही तरह का भोजन परोसा जा रहा है जबकि सलाद के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं।

### मरीजों व प्रसूताओं के लिए डाईट

अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए सुबह 9 बजे एक गिलास दूध 250 एमएल। खाने में सलाद 50 ग्राम, रोटी 3-4 नग, मौसमी हरी सब्जियां, दाल अरहर, खड़ी मूंग एक कटोरी 30 ग्राम, नमकीन दलिया एक कटोरी 100 ग्राम। शाम के समय साढ़े तीन से साढ़े चार बजे के बीच चाय 125 एमएल व बिस्किट चार नग तथा रात्रि के भोजन में रोटी 3-4 नग, उपलब्ध मौसमी सब्जी लौकी, तुरई, गिल्की, टमाटर, सेम, भिंडी तथा पालक, दाल अरहर, खड़ी मूंग एक कटोरी 30 ग्राम।

वहीं प्रसूताओं के लिए सुबह 7 से साढ़े 7 बजे के बीच चाय 125 एमएल, 4 बिस्किट तथा नाश्ता में दूध 250 एमएल, पोहा/उपमा, केला या लड्डू 2 नग। भोजन में सलाद 50 ग्राम, रोटी 4-5 नग, उपलब्ध मौसमी सब्जी लौकी, तुरई, गिल्की, टमाटर, सेम, भिंडी तथा पालक, दाल अरहर, खड़ी मूंग एक कटोरी 30 ग्राम तथा नमकीन दलिया एक कटोरी 100 ग्राम। शाम के समय साढ़े तीन से साढ़े चार बजे के बीच चाय 125 एमएल व बिस्किट चार नग तथा रात्रि के भोजन में रोटी 3-4 नग, उपलब्ध मौसमी सब्जी लौकी, तुरई, गिल्की, टमाटर, सेम, भिंडी तथा पालक, दाल अरहर, खड़ी मूंग एक कटोरी 30 ग्राम व दूध 250 एमएल शामिल है।

### नगर निगम के 2 ठेकेदारों की अमानत राशि की गई राजसात

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने 2 ठेकेदार मेसर्स अमेन आई टी एण्ड प्रोजेक्ट साल्यूशन मूँगाबाई कालोनी कटनी एवं मेसर्स ग्रेविटी कंस्ट्रक्शन करौदी खुर्द पोस्ट बरही जिला कटनी को निविदा शर्तो का पालन न करने परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा कराते हुये अनुबंध निष्पादित न किये जाने के कारण स्वीकृति निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त की गई तथा ठेकेदारों की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुये नगरपालिक निगम की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार 05 जनवरी को सायंकाल 4:30 बजे से रोगी कल्याण समिति की बैठक आहूत की गई है। डॉ यशवंत वर्मा ने कार्यकारिणी सदस्यों से आयोजित बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## यातायात थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

# उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट ही करें प्रदान, नहीं लेने वालों को वाहन नहीं देने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सड़क हादसे के दौरान बाइक सवारों की अक्सर मौत की खबरें सामने आती हैं। ज्यादातर मामलों में यह बात सामने आती है कि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगा रखी थी जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सड़क हादसों में बिना हेलमेट चलने वाले बाइक सवारों की मौत को देखते हुए उच्च न्यायालय एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा हेलमेट की अनिवार्यता के लिए जागरूकता लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में गुरूवार को यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने शहर में मौजूद विभिन्न दोपहिया वाहनों के शोरूम में पहुंच कर शोरूम संचालकों एवं ग्राहकों को हेलमेट के महत्व के बारे में समझाइश दी।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने शोरूम का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद शोरूम संचालकों एवं ग्राहकों से बातचीत करते हुए हेलमेट बिना होने वाले हादसों की जानकारी देते हुए कहा की वाहनों का विक्रय करते समय प्रत्येक वाहन चालक को उच्च गुणवत्ता की हेलमेट प्रदान की जाए। बगैर हेलमेट किसी भी सूरत में वाहन चालकों को वाहन प्रदान न किए जाएं।

उन्होंने मौजूद लोगों से बातचीत करते हुए कहा की सड़क पर चलते समय वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए। वाहन चालकों की सतर्कता से उनकी जान सदैव सुरक्षित रह सकती है। जरा सी लापरवाही के कारण पूरे परिवार को एक गहरे दुख से गुजरना पड़ सकता है।

### मप्र कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन की 7 तक

**कटनी।** इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत मध्यप्रदेश कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 07 जनवरी 2024 है उक्त प्रतियोगिता में वे ही उम्मीदवार सम्मिलित हो सकते है, जिनका जन्म जनवरी 2002 के बाद हुआ है। प्रतियोगिता हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास नें बताया कि मध्यप्रदेश कौशल प्रतियोगिता में जिले के जो भी प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते है, वो 07 जनवरी 2024 तक पंजीयन करा सकते है।

## रेल यात्रियों से संवाद कर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी




रेल यात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए कहा की रेल यात्रा के दौरान यदि सफर में किसी तरह की परेशानी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना करना पड़े तो तत्काल ही रेलवे के हेल्पलाइन नंबरों में मदद के लिए सूचना प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या फिर किसी भी परेशानी के दौरान रेलवे स्टेशन या फिर ट्रेन के अंदर ही तैनात रेल पुलिस के जवानों को इसकी सूचना देने के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबर ऐप के जरिए भी सूचित किया जा सकता है। रेल पुलिस एवं रेलवे प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों से यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। उन्हें यात्रा के दौरान आने वाली समस्या के निराकरण हेतु सुझाव दिए। रेलवे एमपी हेल्पलाइन नंबर 139 एवं ऐप डाउनलोड कराया गया। इस दौरान जीआरपी थाना प्रभारी के अलावा थाने का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# विद्यार्थियों ने दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को जैविक खेती की आवश्यकता भूमि मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान रासायनिक एवं जैविक खेती में अंतर तथा जैविक खेती के फायदे कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध संसाधनों कचरा गोबर से जैविक खाद एवं गोमूत्र तथा पत्तियों से कीटनाशक बनाकर फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जिससे बाजार पर निर्भरता कम हो कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर जैविक कृषि उत्पादों को अधिक दाम पर विक्रय किया जाए जिससे कृषि लाभ का धंधा बन सके। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध एवं असंतुलित मात्रा में उपयोग से जीवांश कार्बन का स्तर निरंतर घटता जा रहा है जिसके कारण मृदा की भौतिक रासायनिक एवं जैविक गुणों मैं गिरावट आई है अतः भविष्य में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता को संरक्षित रखना तथा इसको टिकाऊ बनाए रखने के लिए जैविक खेती की आवश्यकता का प्रशिक्षण दिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ करेंगी उपचार

# हर महीने की 9 एवं 25 तारीख को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडो में प्रत्येक माह की 9 व 25 तारीख को हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर प्रसव के रेफरल मामलों की भी सतत समीक्षा करते हैं। इसके पहले बीते दिसम्बर माह में कलेक्टर के निर्देश पर मातृत्व सुरक्षा की दृष्टि से शासकीय और निजी चिकित्सकों की कार्यशाला आयोजित की गई थी। इसमें उपसंचालक मातृ स्वास्थ्य डॉ. अर्चना मिश्रा और डॉ. अनुपमा प्रसाद भी मौजूद रहीं। इसी कार्यशाला में निजी व शासकीय चिकित्सकों ने विकासखंडो में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच व उपचार हेतु जाने की सहमति प्रदान की थी।

### ये डॉक्टर देंगे सेवायें

कलेक्टर के निर्देश पर सी.एम.एच.ओ द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञों की हर माह की 9 व 25 तारीख के लिए डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें माह की 9 तारीख को जिला चिकित्सालय कटनी में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा द्विवेदी, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. धनेश्वरी सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी में डॉ. हर्षा बत्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में डॉ. सीमा शिवहरे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में डॉ. उमा निगम तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही में डॉ. हर्षिता गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी में डॉ. सुनीता वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा में डॉ. वंदना गुप्ता की ड्यूटी रहेगी। इसी प्रकार हाईरिस्क महिलाओं की जांच 25 तारीख को जिला चिकित्सालय में डॉ. सुनीता वर्मा, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में डॉ. धनेश्वरी सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी में डॉ. स्वाती चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में डॉ. नीतू जैन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में डॉ. शानू अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही में डॉ. नम्रता जायसवाल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी में डॉ. अनीता जैन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा में डॉ. निधि बजाज हर माह की 25 तारीख को उपस्थित रहकर गर्भवती महिलाओं की जांच व उपचार करेंगी। इसके अलावा रिजर्व में भी 8 स्त्री रोग विशेषज्ञों का दल रखा गया है। विदित हो कि प्रत्येक गर्भवती माता की 4 जांच किये जाने का प्रावधान हैं, जिसमें से एक जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा ही की जानी है।

### रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था

मातृ मृत्यु दर में कमी लाने कलेक्टर ने गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी के माध्यम से जांच हेतु पिछले माह ही स्वास्थ्य आयुक्त को रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना हेतु पत्र लिखा है।

## 11 पंचायतों में हुआ आयोजन, ग्रामीणों की रही उत्साह जनक भागीदारी

# जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने जिले में निकाली जा रही यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देश पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्राएं निर्धारित कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम गुरूवार को जिले की समस्त जनपद पंचायतों की 11 ग्राम पंचायतों गोपालपुर ,लालपुर ,बिजोरी, कछारी, बडखेरा नीम ,राखी ,बडा बिछिया, देवरी कलां, धनिया, देवसरी इंदौर और देवरी कलां पहुंची। इस दौरान रंगोली एवं पुष्पमालाओं से यात्रा का स्वागत किया गया।

यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शासकीय अधिकारियों द्वारा यात्रा का उद्देश्य और शासकीय योजनाओं के बारे जन सामान्य द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। भारत विकसित संकल्प यात्राओं में जीन प्रतिनिधियों और नागरिकों की उत्साह जनक भागीदारी रही। विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम गोपालपुर एवं लालपुर में विधानसभा बड़वारा के विधायक बड़वारा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी, एपीओ अजीत सिंह, जनपद सदस्य, सरपंच और सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में स्वीकृत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

### किया स्वास्थ्य परीक्षण

ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यात्रा के आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत मडई सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर प्रधानमंत्री के संदेश को दिखाया जाकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।



# उमरियापान को हरा बनारस ने 4 विकेट से जीता लीग मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में गुरुवार को स्पर्धा का सातवाँ लीग मैच उमरियापान और बनारस के बीच खेला गया। जिसमें बनारस टीम ने 4 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर अगले पायदान क्वार्टर में पहुँच गई। उमरियापान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 152 रनों का स्कोर खडा किया। उमरियापान की ओर से बल्लेबाज शैवाल अरोरा ने सबसे अधिक 82 रन बनाए।

बनारस की ओर से गेंदबाज राहुल व अनुराग ने 2-2 विकेट एवं गेंदबाज नितिश ने 1 विकेट झटके। जवाबी पारी में बनारस टीम ने 15वें ओवर में लक्ष्य पार कर लिया। बनारस की ओर से बल्लेबाज सत्यम ने सबसे अधिक 68 रन बनाए। मैच में बनारस के खिलाडी सत्यम को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर रजनीकांत झारिया, सतीश चौरसिया, चंद्रेश चौरसिया, राजेंद्र चौरसिया, अंकित झारिया, प्रदीप चौरसिया, कमलेश चौरसिया, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, हेमंत सामल, संदीप चौरसिया, प्रिंस अरोरा, हनी चौरसिया उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता डीबीटी इनेबल कराएं

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बालिकाओं को छात्रवृत्ति के लाभ के लिए समग्र ई-केवायसी और बैंक खाता डीबीटी इनेबल कराना आवश्यक है। पन्ना जिले की 17 हजार 203 बालिकाओं की समग्र ई-केवायसी और 21 हजार 897 बालिकाओं के आवेदनों में डीबीटी इनेबल नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर द्वारा सभी पात्र लाड़ली बालिकाओं से ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में संपर्क कर आधार कार्ड से समग्र को लिंक कराने तथा बैंक या कियोस्क से संपर्क कर बैंक खाता डीबीटी सक्रिय कराने की अपील की गई है अन्यथा बैंक खाते में छात्रवृत्ति राशि प्राप्त नहीं होगी। अधिक जानकारी के लिए ग्राम अथवा वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### मकर संक्रांति मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक सोमवार को

**पन्ना।** श्री सारंगधर मंदिर में आगामी मकर संक्रांति मेला आयोजन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के संबंध में सोमवार, 8 जनवरी को बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11.30 बजे से आयोजित होने वाली बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों सहित सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### पूज्य माताजी के गुनौर आगमन पर ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत!

**पन्ना।** जैन धर्मावलंबियों का एक हम ढोल लगाने के साथ संतों की प्रथम आगमन पर मानो आज गुनौर नगरी झूम उठी। लोग अपनी-अपने घरों के किवाड़ दरवाजे खोलकर माताजी की एक झलक पाने के लिए मानो अपनी अपने घरों के बाहर निकल पड़े। गुनौर नगरी है ही धन्य क्योंकि यहां पर संतो गुरुओं महात्माओं का आगमन आयोजन होता रहता है क्योंकि जिस नगर घर परिवार के जब-जब पुण्य प्रकट होते हैं तब तक संतों गुरुओं का आगमन उस धारा में होता रहता है काफी हम सैकड़ो की तादाद में धर्मावलंबियों ने माताजी का स्वागत कुछ इस तरह किया मानो इस नगरी के धर्मावलंबी मानो एक झलक पाने के लिए पलक पांवड़े बिछाए हुए बैठे हुए थे। और सभी धर्म के लोगों ने माता जी का स्वागत अपने नयन चक्षुओं से दर्शन धर्म लाभ लेकर नगर की धर्मावलंबी धन्य हो गये।

### राजनैतिक दलों के अध्यक्ष की बैठक 6 जनवरी को

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार, 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। मतदान केन्द्रों पर 6 से 22 जनवरी तक बीएलओ द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण और अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से राजनैतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शनिवार, 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे से होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### धान उपार्जन केंद्रों में मनमानी, जवाबदेह अधिकारियों को नहीं परवाह

# सर्वेयर समिति प्रबंधक की अनुपस्थिति में हो रही अमानक धान की खरीदी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

धान की पैदावार करने वाले किसान ऑन को उपज का उचित दाम देने के लिए धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है लेकिन उपार्जन केदो पर द्वारा लाई जा रही धान की क्वालिटी चेक करने के लिए सर्वेयर और और उपार्जन केंद्र में कोई गड़बड़ियां ना हो इसके लिए नोडल अधिकारी की तैनाती की गई। लेकिन जनपद जबेरा के अधिकांश धान उपार्जन केदो पर चल रही धांधले बाजी को देखने के लिए कोई जवाब देह अधिकारी मौजूद नहीं रहते। जिसका फायदा उठाकर समिति प्रबंधक अमानक धान की धड़ल्ले से खरीदी की जा रही है। दिखावे के लिए खरीदी केंद्र थ्रेसर उपलब्ध रहते हैं। लेकिन धान की सफाई ना करते हुए कचड़ा युक्त धान सीधे किसान के वरदाने से सरकारी वरदाने मैं पलटी करके बेयर हाउस में भरने का खेल बे रोक टोक चल रहा है। मामला है कलेहरा बेयर हाउस में चल रही सेवा सहकारी समिति माडनखेड़ा खरीदी केंद्र का जहां पर करीब 8000 क्विंटल की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन यह खरीदी समिति प्रबंधक सर्वेयर नोडल अधिकारी की अधिकांश समय अनुपस्थिति में लेबरों के द्वारा अमानक धान की खरीदी की है ।



#### वजन से ज्यादा तौल

जनपद जबेरा के अधिकांश खरीदी केदो में एक बोरी में तना है 40 किलो 500 ग्राम धान लेकिन किसानों से प्रतिबोरी 600 से 700 ग्राम अधिक धान की तोलाई की जा रही है। इससे किसानों को मुस्कान हो रहा है एक बोरी में 40 किलो 500 ग्राम धान तौला जाना है। इसमें बड़नी का भजन भी शामिल है लेकिन खरीदी केदो में 700 ग्राम तक एक्स्ट्रा धान की तोलाई की जा रही है। ताजा मामला माडनखेड खरीदी केंद्र से सामने आया जहां पर किसानों से 600 से 700 ग्राम धान एक्स्ट्रा तोलाई धान की अतिरिक्त तोलने से समितियां को होने वाले मुनाफे की बात की जाए तो हजारों क्विंटल धान खरीदी पर प्रतिबोरी 600 से 700 ग्राम एक्स्ट्रा धान तौल में लाखों रुपए कीमती धान गड़बड़ झाला प्रबंधकों के द्वारा किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है बीते दिन एसडीएम जिला आपूर्ति अधिकारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के द्वारा इन धान खरीदी केदो का निरीक्षण किया गया था बावजूद इसके धान खरीदी केदो में चल रहे गड़बड़ झाला पर कोई अंकुश लगता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। और अधिकारियों का निरीक्षण महज औपचारिकता साबित हो रहा है। समिति प्रबंधक माडनखेड़ा रामसिंह का कहना है सर्वेयर का लंच टाइम होगा। धान में नमी इत्यादि कारणों से सौ से दो सौ ग्राम एक्स्ट्रा धान की तुलाई हो सकती है। इसमें क्या बड़ी बात है। हमारे केंद्र खरीदी अधिक नही हुई।

## पीले चावल व पत्रक देकर उत्सव मनाने का आह्वान



**हटा।** 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश भर के हिंदू समाज को जोड़ने हेतु पूजित अक्षत वितरण अभियान देश भर में 1 जनवरी से प्रत्येक नगर व ग्राम तक प्रत्येक हिंदू परिवार में जाकर अयोध्या की पूजित अक्षत प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और पत्रक दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपकाशी हटा नगरी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और स्वयंसेवक निकले जहां उन्होंने सर्वप्रथम चंडी जी वार्ड एवं जवाहर वार्ड में पीले चावल और पत्रक देकर निमंत्रण दिया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता रत्नेश खटीक पप्पू मयंक खटीक ने बताया कि नगर के सभी 15 वार्डों में निवास कर रहे हिंदू परिवारों से संपर्क कर 22 जनवरी को मोहल्ले के मंदिरों में जाने का और शाम आतिशबाजी करने का आग्रह भी किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने घर में साज सज्जा करने रंगोली बनाने भगवा ध्वज लगाने तथा रात्रि में दीप जलाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने एवं मंदिर में रामधुन, भजन कीर्तन करने का भी आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी का कहना है कि विश्व का सबसे बड़ा निमंत्रण अभियान 1 जनवरी से शुरू हो गया है इस अभियान में समस्त हिंदू संगठन के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों की कार्यकर्ताओं के द्वारा 4 जनवरी गुरुवार से हटा नगर के मोहल्ला स्तर पर प्रत्येक हिंदू परिवार में जाकर अक्षत एवं पत्रक देकर श्री राम जन्मभूमि पर होने जा रही भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देकर मेरा घर मेरी अयोध्या के स्वरूप में भव्य राम उत्सव मनाने का आग्रह कर रहे हैं।

## तेजगढ़ में दीनी प्रोग्राम हुआ सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

मस्जिद मुजद्दिद अल्फेसानी तेजगढ़ में सुबह 11 बजे मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों का दीनी प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इस प्रोग्राम में खुशुसी मेहमान हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल माज़दि मुजद्दीदी साहब मुरादाबाद , दादा भाई सिहोरा , इस्माइल खान पाटन , अबुल हसन जबलपुर रहे। सबसे पहले हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल माज़दि मुजद्दीदी साहब मुरादाबाद ने बेहतरीन तकरीर की और कहा कि आज के मुआशरे में बच्चों को दीनी तालीम और दुनियावी तालीम दिलाना बेहद जरूरी है इसलिए अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर तालीम हासिल कराएं । प्रोग्राम के दौरान शोएब पठान और सद्दाम ने नात - मनक़बत पेश की।

तेजगढ़ पेश इमाम हज़रत मौलाना अहमद अली आफाकी सीवानी बिहार ने बताया कि मदरसा में पढ़ने वाले 40 बच्चों का अरबी , उर्दू में एग्जाम हुआ था जिसमें सभी बच्चों को इनामात से नवाजा गया। जिसमें पहला स्थान इशरत फातिमा आफ़ाकिया बिन्त डॉ. अब्दुल हलीम, दूसरा स्थान अब्दुल मुस्तफा बिन कलीम , तीसरा स्थान रज़ा बिन अब्दुल रशीद ने हासिल किया सभी बच्चों को इनामात और राशि मिलने से चहरे खिल उठे। आख़रि में बाद सलाम के बाद फातिहा पढ़ी गयी व तबर्रुक तकसीम किया गया।

## एनएस क्लब हटा को पराजित कर डेंजर दमोह सेमीफाइनल में



**रनेह।** नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच NS क्लब हटा और दमोह के बीच खेला गया। जिसमें दमोह की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 15 ओवर में 138 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब मे हटा की टीम केवल 125 रन ही बना पाई। मैच के हीरो और मैन ऑफ द मैच शहीद अहमद रहे जिन्होंने 3 ओवर में 27 रन देकर 1 विकेट हासिल किया और मैच में दमोह को बनाए रखा। मैच के आखिर मे 1 ओवर मे 16 रन चाहिए थे सलमान ने अच्छी गेंदबाजी की ओर दमोह को मैच मे बनाए रखा और 125 पर ही रोक दिया। मैच मे काफी जन सैलाब रहा। जनता ने मैच के हीरो शहीद को उठाया ओर खूब समर्थन किया। मैच में अंपायर सगीर खान और लोकेंद्र सिंह रहे कमेंटेटर जहांगीर खान अड्डू और अरबाज खान रहे। स्कोरर अरमान खान रहे। व्यवस्थापक पप्पू खान, अजय बंसल, अंकेश, रज्जू भाई, राज साहू, ऋतिक, एवेन्द्र, रियान खान रहे।

## मुडारी एवं रियाना पहुंची संकल्प यात्रा




**दमोह ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा दमोह जनपद के ग्राम मुडारी एवं रियाना पहुंची, जहां शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुडारी सरपंच मुकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह परिहार, बृजेश सिंह, जनपद सदस्य पप्पू लोधी, प्रशासनिक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे। राघवेन्द्र सिंह परिहार ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन आप सभी के लिए किया है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इसलिए चलाई जा रही है। ताकि कोई पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा यात्रा के माध्यम से लगभग सभी विभागों के अधिकारी प्रत्येक पंचायत में पहुंचकर योजनाओं का आकलन करते हैं एवं जिन हितग्राहियों को योजनाओं से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन योजनाओं का निराकरण किया जा रहा है और जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना, दीनदयाल अंत्योदय, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना जैसी अनेक योजना चलाई गई है। उन्होंने ग्रामीण जनों से आग्रह करते हुए कहा इन योजना का लाभ अवश्य ले।

## लोगों को निमंत्रण देने छपरवाहा निकली अक्षत कलश शोभायात्रा

**बनवार।** अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को किया जाना है । जिसमें शामिल होने के लिए बम्होरी मानगढ़ छपरवाहा कि लोगों को निमंत्रण देने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत की अगुवाई में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। अयोध्या से आए अक्षत कलश को शाला मंदिर से सिर पर उठाकर वारी वारी से सभी लोगों ग्राम के शाला मंदिर हनुमान जी मंदिर ग्राम के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए श्री राधा कृष्ण श्री राम जानकी मंदिर पहुंची कलश शोभा यात्रा में ग्राम व आसपास के लोग एवं महिला भक्त शामिल थे जो हाथ में ध्वजा लिए श्री राम जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान ग्राम के घर-घर में आमंत्रण पत्र का वितरण किया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा बताया गया सैकड़ो वर्षों की संघर्ष के बाद 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रभु श्री राम जी का मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। उसे दिन अयोध्या से पूजित अक्षत कलश और आमंत्रण पत्रक आए है और 15 जनवरी तक हर गांव के घर-घर मैं पहुंचना है। 22 जनवरी को हर हिंदू के घर में घी का दीपक जलाना है और घर व मंदिर को सजाना है घर और मंदिर में रंगोली बनाना है और उस दिन गांव मोहल्ले में मंदिर में भजन कीर्तन पूजा और प्रसाद वितरण करना है।



## धूमधाम से निकली अक्षत कलश यात्रा



**रनेह।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की पुष्पवर्षा कर भव्य अगवानी की गई। श्री श्री 1008 कौशलाधीश सरकार के दरबार में राम भक्तों की उपस्थिति में पूजा अर्चना की गई। मंदिर महंत विनय शुक्ला ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा का श्री गणेश किया। जो कि चल समारोह मार्ग के साथ ही ग्राम के समस्त मंदिरों में कलश का पूजन किया गया। शोभा यात्रा में डीजे की धुन पर राम भक्त जयकारे लगाते हुए नृत्य कर रहे थे, फिर ध्वज पताका के बाद बारी-बारी से भक्त सर पर कलश रखकर चल रहे थे। शोभायात्रा कौशलाधीश मंदिर से शंकर जी मंदिर, धनुषधारी मंदिर, चंडी माता दरबार, वृंदावन बिहारी जी की शाला, बजरंग आश्रम से होते हुए कौशलाधीश मंदिर पहुंची। अमृत कलश का द्वार द्वार पर माता बहनों ने रंगोली बनाकर कलश सजा कर राम जन्म भूमि से आए अक्षत कलश की पूजा अर्चना की गई। युवाओं की टीम ने भक्तिमय जयकारों की गूंज से समस्त रास्ते गुंजायमान कर दिए। शोभायात्रा में सभी संप्रदाय के धर्म प्रेमी बंधुओ की उपस्थिति रही।

## जैन महापंचायत जिला पन्ना समिति का निर्वाचन श्रेयांश गिरी में सम्पन्न

**पन्ना/पवई** - पन्ना जिला अंतर्गत अलग-अलग शहरों, नगर- शहरों की जैन समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिकों एवं समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में एक जनवरी 2024 सोमवार को, पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नियम अनुसार, निर्वाचन अधिकारी पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार जैन सलेहा, सुकुमाल चंद्र जैन गुनौर, वीरेंद्र कुमार जैन पन्ना टिकुरिया, के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु सुरेंद्र कुमार जैन (कल्लू भैया) देवेंद्रनगर का नाम प्रस्तावित किया गया। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने दोनों हाथ उठाकर सुरेंद्र कुमार जैन कल्लू भैया देवेंद्र नगर को मतदान करते हुए अध्यक्ष चुना गया। पांच उपाध्यक्ष पद हेतु प्रबल कुमार जैन गुनौर , मुकेश कुमार जैन अजयगढ़, सुनील कुमार जैन पवई एल आई सी, इंद्रेश कुमार जैन सलेहा, अजय कुमार जैन रैपुरा का चयन किया गया। जैन महापंचायत पन्ना समिति के महामंत्री पद हेतु शैलेंद्र कुमार जैन (डब्बू सर) देवेंद्र नगर, एवं पांच मंत्री पद हेतु, शनि जैन बड़कुल पटवारी कुवरपुर, राहुल जैन बृजपुर, नरेंद्र कुमार जैन अमानगंज, कमल जैन (मंटू) द्वारी, सुनील कुमार जैन महेवा, एवं कोषाध्यक्ष राहुल जैन (अप्पी) देवेंद्रनगर, सह कोषाध्यक्ष नवीन कुमार जैन इटवां , मुनि व्यवस्था संयोजन समिति प्रमुख शुभम जैन माइकल देवेंद्रनगर, सचिन जैन लकी पवई, अशोक कुमार जैन नारायणपुरा, मंजू जैन सलेहा, नरेंद्र कुमार जैन गुनौर, प्रेमचंद जैन देवेंद्रनगर, सुभाष चंद्र जैन पन्ना, प्रमोद कुमार जैन सलेहा को सर्वसम्मति से चयन किया गया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अन्तर्गत पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (**EPCO**) , पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ पीएल जैन के मार्गदर्शन में 'ओज़ोन क्षरण एवं उसके मानव पर दुष्प्रभाव' विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया । ईको क्लब प्रभारी श्रीमती प्रीति वर्मा, प्रतियोगिता संयोजक डॉ दीपक कुमार सैनी तथा डॉ पूजा जैन,डॉ.राजेश पौराणिक, पंकज जैन के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- लाली बिदौल्या तथा सपना लोधी ; द्वितीय स्थान- अर्पिता दुबे तथा हेमलता रजक ; तृतीय स्थान- रितु लोधी तथा नीति पाठक ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ़ का सहयोग रहा।

# बटियागढ में राज्य स्तरीय लेदर वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़**

जिले के बटियागढ़ में एम एच क्लब के तत्वावधान में स्व.पं. गिरीश सोनकिया स्मृति में राज्यस्तरीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज समारोह पूर्वक आगाज हुआ। आज का उद्घाटन मैच हरियाणा और ललितपुर के मध्य खेला गया जिसमें आज उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, बेलखेड़ी सरपंच रूपकिशोर उदेनिया, जिला पंचायत सदस्य राव ब्रिजेन्द्र सिंह और मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस टूर्नामेंट में अलग-




अलग राज्यों की आठ टीमों के खिलाड़ी भी शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मैदान पर पहुंचकर हाथ मिलाकर प्रोत्साहन बड़ाया। और फिर राष्टगान का गायन हुआ। और टास प्रक्रिया पूरी करवाई, तत्पश्चात मंच पर पहुच कर स्व. पं. गिरीश सोनकिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिलक लगाया। फिर मुख्य अतिथियों का क्लब के सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उद्घाटन मैच में हरियाणा से पानीपत टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और सही साबित हुआ। निर्धारित 20 ओवर में पानीपत टीम से बल्लेबाजी करने उतरे अक्षय चौबे ने 40 रन, शिवम् कुमार ने 71 रन कुनाल नागर के 63 रनों की मदद से 8 विकेट खोकर 223 बनायें और उत्तरप्रदेश की ललितपुर टीम को जीतने के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया। वही बल्लेबाजी करने उतरी ललितपुर टीम की शुरुआत ही खराब रही और हरियाणा की गेंदबाजी के सामने ललितपुर टीम के बल्लेबाज एक के बाद एक अपना विकेट गंवाते चलें गये और 14.5 ओवर में महज 60 रनों पर अपने 10 विकेट गंवा दिए और मैच हरियाणा की झोली में डाल दिया। हरियाणा टीम से कुनाल नागर ने शानदार 63 रन और 3 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई एवं आज के उद्घाटन मैच के मैन आफ द मैच चुने गए। जिन्हें रिटायर शिक्षक साधुराम चौरसिया और एम एच क्लब के अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी के द्वारा मैन ऑफ द मैच के रूप में शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता शुभारंभ के दौरान विशिष्ट अतिथि आर पी पटेल, माडल स्कूल प्राचार्य अर्जुन पटेल, प्रशांत जैन, पूर्व खिलाड़ी विजय उदेनिया, रिटायर शिक्षक साधुराम चौरसिया, आजम खान, कृष्णा तिवारी शिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक और गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रही। आज के शुभारंभ मैच के अनुभवी एम्पायर शाहिद अली खान और इस्माइ खान रहे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, जबलपुर रेफर

**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार की शाम 7 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर कछार धनगौर के समीप अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार टक्कर मारते हुए मौके से भाग गया है। और हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शिवशंकर पिता गनपत सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी धनगौर थाना तेन्दूखेड़ा जो कि बुधवार की शाम 7 बजे तेन्दूखेड़ा से अपने घर धनगौर जाते समय अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारकर मौके से भाग गया है। जहां बाइक सवार गंभीर रूप घायल हो गया। जहां तेन्दूखेड़ा में उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है ।

### हरदुआ सड़क सरपंच पद के लिये उपचुनाव आज

**हटा।** जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आनें वाली ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क ग्राम पंचायत की निर्वाचित सरपंच के सहायक शिक्षक पद पर चयन होने पर, उन्होंने सरपंच पद से इस्तीफा दे दिया था। इस रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए कल 5 जनवरी को मतदान होगा जिसके लिए सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गयी है।सरपंच पद के लिए पांच प्रत्याशी दीपा रानी राजगोंड, कुसुमरानी, सुनयना, रेशु शैलेन्द्र मुड़ा एवं संतोषी मुंडा के बीच मुकाबला होना तय हैं।मतदान के लिये 1260 मतदाता है, जिनमे 638 पुरुष एवं 622 महिला मतदाता जिसमें तीन मतदान केन्द्र क्रमांक-127 प्राथमिक शाला भवन हरदुआ सड़क मतदान केन्द्र क्रमांक 128-प्राथमिक शाला भवन भाग-1 घुटरिया एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 129-प्राथमिक शाला भवन भाग- 2 घुटरिया मां अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।हरदुआ सड़क एवं घुटरिया ग्राम मिलाकर हरदुआ सड़क के सरपंच पद के लिए प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक ई.व्ही.एम. मशीन के माध्यम से मतदान होगा।

### पेंशनर्स समाज के सदस्यों का सम्मान समारोह

**दमोह।** विगत वर्ष के अनुसार म.प्र. पेंशनर्स समाज दमोह द्वारा वर्ष 2023 में 80 से 90 वर्ष की उम्र पूर्ण करने वाले पेंशनर्स समाज के सदस्यों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष म.प्र. पेंशनर्स समाज दमोह आर.के. मिश्रा ने बताया 07 जनवरी 2024 को दोपहर 02 बजे से मानस भवन दमोह में दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया के मुख्य आतिथ्य, प्रांताध्यक्ष पेंसनर्स समाज डी.पी. दुबे की अध्यक्षता एवं पशुपालन और डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी तथा पूर्व उप प्रांताध्यक्ष पेंशनर समाज भोपाल उमराव सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अध्यक्ष पेंशनर्स समाज दमोह श्री मिश्रा ने सभी पेंशनर्स समाज के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया है।

### बुकिंग फुल पहले से दोगुनी हुई संख्या

# पर्यटकों को भाया रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व व जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढने के साथ ही यहां सैलानियों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। नए साल में फिलहाल टाइगर रिजर्व में बुकिंग फुल चल रही है और हर रोज लोग सफारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। विभाग के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2023 के आखिरी दो माह में साढ़े पांच सौ से ज्यादा सैलानी टाइगर रिजर्व में घूमने के लिए पहुंचे हैं, जो बीते साल की तुलना में करीब डेढ़ गुना ज्यादा है। टाइगर रिजर्व में पहुंचने वाले सैलानियों में फिलहाल अधिकांश दमोह तेन्दूखेड़ा के अलावा सागर जबलपुर, भोपाल, नरसिंहपुर सहित मध्यप्रदेश के जिलों के लोग ही शामिल हैं, हालांकि इनमें कुछ प्रदेश के बाहर के लोग भी सफारी घूमने आए हैं।

#### दिसंबर में 371 सैलानी आए

विभागीय जानकारी के अनुसार नवंबर व दिसंबर में रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कुल 555 लोगों ने सफारी का आनंद लिया है।



इसमें नवंबर में 184 लोग पहुंचे तो दिसंबर में सैलानियों की संख्या बढ़कर 371 पहुंच गई। अधिकारियों का कहना है कि टाइगर की संख्या बढ़ने के कारण अधिकांश सैलानियों को सफारी के दौरान टाइगर और शावकों उनकी अटखेलियां - देखने को भी मिली। वहीं टाइगर रिजर्व में मौजूद अन्य जानवरों व दुर्लभ पक्षियों को भी देखने का मौका मिला।

#### बाघों का सबसे बड़ा कोर एरिया

वहीं टाइगर रिजर्व में देशी सैलानियों का भी रुझान बढ़ा है। इस नए टाइगर रिजर्व की खासियत है कि दोनों सेंचुरी के कोर एरिया के बाघों की संख्या मिला दी जाए तो यहां 20से25बाघों का मूवमेंट है। यह प्रदेश का एकमात्र टाइगर रिजर्व है, जिसका कोर एरिया 1414 वर्ग किमी और बफर जोन 925 वर्ग किमी का होगा। कुल एरिया कुल 2339 वर्ग किमी है। नौरादेही में बाघों की संख्या में प्रति वर्ष बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन केवल बाघिन राधा की लोकेशन ट्रेप होती है, क्योंकि उसके गले में कॉलर आईडी लगा हुआ है। अन्य की निगरानी कैमरों या पगमार्क से होती है। हाल ही में दो माह पहले बाघिन टी एन-12 ने चाय शावकों को जन्म दिया है

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व व नौरादेही अभ्यारण्य में पहाड़, गुफा, नदी, पोखर, घास के मैदान, पेड़, वनस्पति और शाकाहारी वन्य जीवों की उपलब्धता के कारण यहां भालू, तेंदुआ, भेड़िया, नीलगाय, बंदर, बारहसिंगा, हिरण, काले हिरण हैं। बाघों के लिए यहां अनुकूल माहौल है। यही वजह है कि यहां बाघ बाधा शिफ्टिंग प्रोजेक्ट सफल रहा है टाइगर रिजर्व में वर्तमान में सैलानियों को दो गेट से प्रवेश दिया जा रहा है, जिसमें रहली की ओर मुहली और देवरी की तरफ बीना गेट शामिल है, लेकिन विभाग के पास सैलानियों को घुमाने के लिए खुद की मात्र दो जिप्सी है, इसके अलावा तीन वाहन किराए पर लगाए हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि बीच में कई दिन तो यह स्थिति बनी की सैलानियों की संख्या बढने के कारण प्राइवेट वाहनों को भी प्रवेश दिया गया, हालांकि इसमें पूरी तरह से नियमों का ध्यान रखा गया था।सफारी का आनंद लेने वाले सैलानियों को फिलहाल रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व की तरह सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं है।

# राज्यमंत्री लखन पटेल ने कार्यभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज मंत्रालय में अपने कक्ष में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अपर सचिव श्री अनुराग चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डॉ आरके मेहिया सहित जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

# ठंड और कोहरे की दोहरी मार ने बढ़ाई परेशानी



**दमोह।** ठंड के साथ साथ कोहरे ने लोगो की परेशानी का कारण बन रहे है। पिछले दो दिनों से चल रही शीतलहर के कारण जहां तेज ठंड तो ठिठुरा ही रही है वहीं जबदस्त कोहरे के कारण विजबिलीटी न होने से वाहन चालक परेशान रहते है। पिछले दो दिनों से ठीक से सूर्य देव के दर्शन भी नहीं हुये है । उत्तर से आ रही हवाओं के कारण ऐसा मौसम बन रहा है जो अभी दो तीन और जारी रहेगा। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 13.4 दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 17.6 दर्ज किया गया। बढ़ती ठंड की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रहीहै। ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के कारण लोगों के लिए अलाव के सहारे दिन काटना पड़ रहा है। वही बच्चे बुजुर्ग गर्म कपड़े में दुबके रहते है। किसानों के लिए रात्रि में सिंचाई करना कठिन कार्य साबित हो रहा है। किसानों को फसलों में पाला तुषार लगने की चिंता सता रही है। जबकि दलहन फसल इस समय फूल आ गए है ऐसे में बढ़ती ठंड से फसलों को नुकसान की संभावना सर्वाधिक देखी जा रही हैं।

# वार्डवासियों ने पुलिया निर्माण के लिये किया प्रदर्शन

**दमोह।** शहर के कई वार्डो में नगर पालिका की ओर से विकाय कार्य तो दूर आवश्यक कार्य भी नहीं कराये जाते है जिससे वार्ड के लोग परेशानी का सामना करना पडता है। शहर के बजरिया वार्ड नं 6 में एक पुलिया के निर्माण कार्य की मांग को लेकर वार्ड वासियों ने प्रदर्शन कर जाम के हालात बना दिये। नगर पालिका की अनदेखी के चलते पुलिया की हालत से लोग परेशान हो रहे है। गुरूवार को दो आटो फंस गये। पार्षद ने कहा कि उन्होने प्रस्ताव दे दिया है। परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिया जीर्ण शीर्ण हो गई है जिससे यहां आटो फस जाते है व लोगो को बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व में ज्ञापन भी दिया था। अब भी पुलिया निर्माण की मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी दी है।



# मतदान केन्द्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, मतदान आज



**दमोह।** जिले की नगर परिषद पटेरा के वार्ड नं 14 के पार्षद पद के लिए मतदान 05 जनवरी को होना हैं। हटा एसडीएम रीता डेहरिया ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर कुल मतदाता 519 हैं, 04 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया हैं, यहां के पार्षद की मृत्यु हो जाने के उपरांत नगर परिषद में एक पार्षद पद रिक्त हो गया था। इसका चुनाव पटेरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला भवन शोभानगर पटेरा को मतदान केंद्र बनाया गया हैं, जहां पर कुल मतदाता 519 है, इनमें माहिला 249 एवं पुरुष 270 शामिल हैं। इस दौरान पटेरा नायब तहसीलदार राजेश सोनी, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कृपाल अठ्या, नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे।

### पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिये तीन लाख से अधिक राशि प्रस्तावित

# कटनी बीना थर्ड लाईन कार्य हेतु जगह जगह उत्खनन

**दमोह।** कटनी बीना रेल सेक्शन में इन दिनों तीसरी रेल लाइन का विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है,जिसमे रेल लाइन के समतलीकरण करने के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी एवं मुरम को रेलवे ठेकेदार द्वारा लंबे समय से ग्रामीणों की जमीन से राजस्व एवं खनिज विभाग की बिना अनुमति बनाम मिली भगत से मिट्टी एवं मोरम का खनन कर के उपयोग किया जा रहा है। मामले जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास के निर्देश पर हल्का पटवारी मनीष विश्वकर्मा ने मौकास्थल का जायजा लिया और पंचनामा कार्यवाही उपरांत रिपोर्ट तहसीलदार को सौपते हुए अवैध खनन के हालात को उजागर किया था। रिपोर्ट में बिना अनुमति के ठेकेदार द्वारा अवैध उत्खनन कर खुदाई करना पाया गया,जिसके बाद तहसीलदार ने रिपोर्ट खनिज विभाग के पास कार्यवाही के लिए भेज दी थी। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद जिला खनिज अधिकारी ने शनिवार एक टीम गठित कर स्थल पर भेजी जिसकी सूचना ठेकेदार को पहले से दे दी गई जिससे उसने खुदाई बंद कर मशीन दूसरे स्थान पर भिजवा दी। इधर अवैध उत्खनन करने से बने गड्ढो का नापतोल कर पंचनामा कर टीम वापस रवाना हो गई। वही रात होत ही ठेकेदार की मशीन खुदाई में फिर से जुट गई। जिसकी शिकायत कलेक्टर तक पहुंचने पर खनिज अधिकारी ने मौकास्थल का जायजा लिया। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी मेजर सिंह ने बताया कि मौकास्थल का निरीक्षण करने के बाद रेलवे ठेकेदार आनंद सिसोदिया एवं भूस्वामी पर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर मध्यप्रदेश खनिज अवैध (खनन,परिवहन तथा भंडारण) का निवारण नियम 2022 के नियम 18 के तहत अर्थशास्ति एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 3 लाख 91 हजार रूपये प्रस्तावित की गई है। अगर इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा मिट्टी या मुरम की खुदाई कर अवैध उत्खनन किया जाता है,तो मशीनों एवं वाहनों को जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। जबकि जानकारों का कहना है कि विभाग द्वारा क्यों छाती पूर्ति रात की प्रस्तावित की गई है वह खनन की गई मोरम की तुलना में काफी कम है इसकी भी जांच और क्षेत्र पर कराई जाना चाहिए।

# लीनेस क्लब ने हर्षोल्लास से मनाया नववर्ष




**दमोह।** मैत्री क्लब में सभी सदस्यों द्वारा मिलकर नए वर्ष की ख़ुशी बड़े ही धूमधाम से उत्सव के तौर पर मनाया गया। जिसमे कुछ हास्य व्यंग संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दमोह जिले की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। यह नव वर्ष उत्सव की आयोजक नर्मदा एकता, उमा जड़यिा एवं अल्का मिश्रा थी, नए साल का अभिनंदन करते हुए, अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा कि विगत वर्ष में जो भी हम सभी ने सेवा कार्य किए हैं इस वर्ष उस से भी ज्यादा व्यापक पैमाने पर हम एक होकर सेवा कार्य करेंगे नए संकल्प और नई ऊर्जा नई उमंग उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। रोजी जी ने कहा की लाइंस मैत्री क्लब जहां एक ओर अपनी सांस्कृतिक सामाजिक विरासत को अपने त्योहारों को परंपराओं से मनाते है वहीं दूसरी ओर के सामाजिक रूप से उत्थान का कार्य भी पूरे उत्साह के साथ कार्य करते है इसी परंपरा के अंतर्गत निम्न मध्यम वर्ग के परिवार से दमोह की बिटिया रचना ठाकुर जिन्होंने मिस मध्य प्रदेश बनकर दमोह का नाम गौरांवित किया है उन्हें आज हम सब लिनेस मैत्री ग्रुप के सदस्य सम्मानित कर कर गौरांवित है प्रोजेक्ट डायरेक्टर नर्मदा एकता ने कहा कि कर्म ऐसा करें जिससे समाज में दूसरो को परहित की प्रेरणा मिले इस उत्सव में सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं सचिव रजनी खरे द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया।

# ठंड से विक्षिप्त युवक की मौत

**रनेह।** ग्राम से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर एक खेत में मानिसक विक्षिप्त का शव मिला है। जानकारी के अनुसार स्थानीय अरविंद सोनी जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था जो कि अपने घर से 28 दिसंबर 2023 से लापता था जिसकी खोज परिवार वाले लगातार कर रहे थे। ग्राम से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर खेत में अरविंद सोनी का अकड़ा शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परीक्षण उपरांत परिजनों को सौंपा मामला विवेचना में लिया।

# जिसके यहां कथा होती है वहां सारे तीर्थ चलकर आते है

**दमोह।** नगर के जबलपुर नाका स्थित परशुराम टेकरी पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस पं. भगवतशरण शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति अगर कोई तीर्थ व्रत न पाये, तो अपने यहां घर पर भागवत कथा कर लेता है तो उसके घर पूरे तीर्थ चलकर आते हैं। व्यक्ति को संकल्पित होना चाहिए कि जीवन अकारण मिला हैं। हमें परमात्मा का भजन करके कारण बनना हैं। लाखो लोग मृत्युलोक आते हैं लेकिन उन्ही का जीवन श्रेष्ठ हैं, जिन्होने मनुष्य जन्म लेने का लक्ष्य समझा हैं। कथा में केवल ये ही निकलता हैं कि मनुष्य संसार में रहकर परमात्मा को न भूले लेकिन हम लोग भूले हुए है इस नाषवान संसार को हमने सही मान लिया हैं। ये संसार दिखता हैं इसलिए सत्य लग रहा हैं जबकि सत्य कुछ और हैं। इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में पुजारी जुगल तिवारी, आरगन पर अरूण तिवारी, सचिन पटेल बोतराई तबला वादन पर हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# माइसेम सीमेंट की वॉलीबॉल टीम ने जीते कई टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रसिद्ध सीमेंट निर्माता माइसेम सीमेंट फैक्ट्री ने जिले को गौरवान्वित किया है। वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में सक्रियता और जीत के माध्यम से कंपनी कर्मचारियों की टीम ने खेल क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा को दर्शाया है। इस संदर्भ में, कंपनी के प्रशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रमुख, दीपक ठाकुर, ने साझा किया कि माइसेम सीमेंट फैक्ट्री की वॉलीबॉल टीम ने सुनील कुमार, प्लांट हेड, के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक दमोह जिले में आयोजित कई प्रतियोगिताओं में सक्रिय भूमिका निभाई। एस.एस. यादव (सुरक्षा प्रमुख) और राजेश शर्मा (हेड सेफ्टी) का नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा, जिससे केवल जिले स्तर पर नहीं बल्कि क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भी जीत हासिल की और इससे पूरे जिले को गौरव मिला। इस मील का पत्थर हासिल करने के लिए माइसेम सीमेंट की सम्पूर्ण वॉलीबॉल टीम ने मिलकर काम किया, जिसमें सुनील कुमार



(मार्गदर्शन शक्ति), श्री एस.एस. यादव (कैप्टन), दीपक ठाकुर (लिबेरो), और राजेश शर्मा (वाइस-कैप्टन) जैसे कुंजीकृत व्यक्तियों का महत्वपूर्ण योगदान था। 15 जनवरी से 17 जनवरी 2023, लाखरौनी क्षेत्र स्तर विजेता; 29 जनवरी से 31 जनवरी 2023, बिलानी क्षेत्र स्तर के रनर्स-अप; 3 फरवरी से 5 फरवरी 2023, कान्हारी क्षेत्र स्तर के रनर्स-अप; 7 फरवरी से 9 फरवरी 2023, सतपाड़ा क्षेत्र स्तर विजेता; 18 फरवरी से 20 फरवरी 2023, हटा बुंदेली फेस्टिवल विजेता; 27 फरवरी से 28 फरवरी 2023, पलेरा स्टेट स्तर के रनर्स-अप; 12 अगस्त से 13 अगस्त 2023, पथारिया लेजिस्लेटर्स कप रनर्स-अप; 24 दिसंबर से 25 दिसंबर 2023, हिंडौरिया क्षेत्र स्तर विजेता; और 3 जनवरी 2024, नरसिंघगढ़ क्षेत्र स्तर विजेता। हाल के वॉलीबॉल टूर्नामेंट ने टीम की अद्वितीय प्रदर्शन को प्रदर्शित किया, जिसमें कैप्टन एस एस यादव ने अपनी असाधारण कौशल और रणनीतिक शानदारी के साथ चार्ज लेते हुए एक उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदर्शित किया। उनका कोर्ट पर नेतृत्व जीतना, जनपद और क्षेत्रीय स्तरों पर जीत हासिल करने में कुशलता का केंद्रबिंदु बन गया, जिससे टीम और पूरे समुदाय को बड़े गर्व का अहसास हुआ। उप-कैप्टन राजेश शर्मा, अपने अडिग समर्पण और बहुमुखी खेल से, कैप्टन के प्रयासों को समृद्धि में आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विभिन्न स्थितियों में अनुकूलित होने और सहयोगी साथीयों को प्रेरित करने की क्षमता ने टीम के कुल प्रदर्शन में एक ताकत की परत जोड़ी। चुस्त और गतिशील लिबेरो, दीपक ठाकुर, ने दृढ़ता से टीम की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। उनकी तेज प्रतिक्रियाएं, प्राप्तियों में सटीकता, और अनुपम बचाव ने केवल प्रतिद्वंद्वियों की हमलों को रोका ही नहीं बल्कि टीम की हमलों को भी प्रेरित किया। एक साथ, कैप्टन एस एस यादव, उप-कैप्टन राजेश शर्मा, और लिबेरो दीपक ठाकुर ने एक अद्वितीय त्रैतीय बनाई, जो टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट टीमवर्क, सहनशीलता, और खेल-नैतिकता की प्रदर्शन की। उनका शानदार प्रदर्शन केवल सराहना ही नहीं बल्कि क्षेत्र में वॉलीबॉल के प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन गया।

# धूमधाम से मनाया जायेगा भगवान पार्श्वनाथ का 2900 वां जन्म कल्याणक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा की मासिक बैठक पंकज जैन शिक्षक के आवास पर अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पचहत्तर प्रतिशत से अधिक सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार 7 जनवरी रविवार को तेईसवें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का 2900 वां जन्म कल्याणक धूमधाम से विविध कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित कर मनाने का निर्णय लिया गया। अभिषेक शांतिधारा के साथ सामूहिक पूजन किया गया जायेगा। सभी सदस्य धोती दुपटटा में आयेंगे। राजेन्द्र राही के सौजन्य से वितरण किया जायेगा। पालना झुलाना व भजनों की प्रस्तुति भी की जायेगी। नव वर्ष मिलन समारोह 14 नवंबर को व्यारमा नदी के किनारे बजाज कृषि फार्म पर मनाया जायेगा जिसमें सुस्वादिष्ट भोजन व्यवस्था राजेन्द्र बजाज द्वारा की जायेगी। नेत्र शिविर आयोजित करने हेतू अध्यक्ष संयोजक संजीव जी से बात कर रूपरेखा तय करेंगे। अगली बैठक श्रीकांत बड़कुल के आवास पर होगी। बैठक का शुभारंभ महावीर वंदना से समापन पंच परमेष्ठी के गायन से हुआ। अंत में आभार महेश जैन ने माना। बैठक में अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, मंत्री महेश जैन, कार्यवाहन अध्यक्ष राजेन्द्र बजाज, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र राही, उपाध्यक्ष स्वतंत्र सेठी, श्रीकांत बडकुल, नीलेश जीतेन्द्र बडकुल, मनोज सेठ, निर्मल जैन, प्रशांत सेठ, पंकज जैन उपस्थित रहे। सभी ने नववर्ष की परस्पर शुभकामनायें दी।